State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh
Shankar Nagar, Raipur

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर

Website: scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

क्र. / शिक्षक–शिक्षा / 30–1 बी.एड. / डी.एड. / प्रवेश / 2015–16 5033 रायपुर दिनांक 09.09.2015

## द्विवर्षीय डी.एड. पाठ्यक्रम / बी.एड. पाठ्यक्रम 2015 में प्रवेश हेतु अंतिम चरण (फेस टू फेस) के आबंटन प्रक्रिया की सूचना

राज्य के डाइट, बी.टी.आई, अनुदान प्राप्त बी.टी.आई. एवं निजी शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित डी.एड. पाठ्यक्रम और बी.एड. पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों में प्रवेश हेतु अंतिम चरण का आबंटन क्रमशः उपस्थित अभ्यर्थियों के डी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश, प्री. डी.एड. परीक्षा 2015 के मेरिट के आधार पर तथा बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश, प्री. बी.एड. 2015 के मेरिट के आधार पर राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् रायपुर द्वारा **शासकीय शिक्षा महाविद्यालय बी.टी.आई. ग्राउन्ड, शंकरनगर रायपुर में दिनांक 22.09.2015 से 28.09.2015 तक सुबह 9.30 से शाम 5.30 बजे तक किया जायेगा। प्रक्रिया में सम्मिलित होने मात्र से सीट प्राप्त करने का दावा नहीं किया जा सकेगा।**

**आबंटन प्रक्रिया व आवश्यक दिशा निर्देश निम्नानुसार हैं –**

### (अ) पंजीयन की प्रक्रिया –

इस चरण के आबंटन प्रक्रिया में सम्मिलित होने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए शासकीय शिक्षा महाविद्यालय रायपुर में उपस्थित होने से पहले MKCL के वेबसाइट या MKCL के केन्द्रों में जाकर ऑनलाइन पंजीयन कराना आवश्यक होगा। MKCL के वेबसाइट में **" फेस टू फेस चरण के लिए पंजीयन के विकल्प"** को क्लिक कर आवश्यक जानकारियों की प्रविष्टि कर पंजीयन कर सकते हैं।

**1. डी.एड. पाठ्यक्रम हेतु पंजीयन तिथि – दिनांक 11.09.2015 से 22.09.2015 तक**

**2. बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु पंजीयन तिथि – दिनांक 15.09.2015 से 27.09.2015 तक**

### (ब) पंजीयन के लिए दिशा निर्देश निम्नानुसार हैं –

1. प्री. डी.एड. परीक्षा 2015 / प्री.बी.एड. परीक्षा 2015 (जो लागू हो) में बैठे ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में विकल्प फार्म भरा था, परन्तु आज तक कोई महाविद्यालय / संस्था आबंटित नहीं हुआ है, वे बिना चालान जमा किये किसी भी इन्टरनेट कैफे से MKCL के साइट (बी.एड.के लिए **http://oasis.mkcl.org/cgbed2015**, और डी.एड. के लिए **http://oasis.mkcl.org/cgded2015**) में जाकर इस अंतिम चरण की आंबटन प्रक्रिया के लिए पंजीयन करा सकते हैं। MKCL सेन्टर में भी पंजीयन करा सकते हैं।
2. ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जिन्हें महाविद्यालय आबंटित हुआ था, परन्तु उन्होंने निर्धारित समय तक प्रवेश नहीं लिया, वे इस प्रक्रिया में डी.एड. हेतु रुपये 300 / – तथा बी.एड. हेतु रुपये 350 / – का चालान पुनः जमाकर (1) के अनुसार पजीयन करा सकते हैं, परन्तु इन्हें

आबंटन प्रक्रिया के दौरान चालान की एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर की मूल प्रति परिषद् में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

3. जिन अभ्यर्थियों ने **तीसरे** चरण में अपना आबंटन निरस्त कराया है, वे भी क्रमांक (1) के अनुसार पंजीयन करा सकते हैं।

4. बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु प्री.बी.एड. परीक्षा 2015 में तथा डी.एड. पाठ्यक्रम हेतु प्री.डी.एड. परीक्षा 2015 में शामिल हुए ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में कोई विकल्प फार्म नहीं भरा है, यदि वे भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा में एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर के पावर ज्योति एकाउन्ट में (डी.एड. हेतु रुपये 300/–का चालान एकाउन्ट क्रमांक 32402461389 में तथा बी.एड. हेतु 350/–का चालान एकाउन्ट क्रमांक 32402468895 में) चालान के माध्यम से प्रक्रिया शुल्क जमा करते हैं तथा चालान की एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर की प्रति एवं अपने मूल प्रमाण पत्रों (एक सेट छायाप्रति) के साथ **MKCL** सेन्टर में उपस्थित होकर पंजीयन कराते हैं तो उन्हें भी प्रक्रिया में शामिल किया जायेगा। चालान का प्रारूप व **MKCL** सेन्टर की जानकारी **SCERT** व **MKCL** के वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। **MKCL** के सेन्टर में पूर्व के विज्ञापन में अंकित दस्तावेजों का सत्यापन करने के पश्चात् ही पंजीयन किया जायेगा।

5. क्रमांक (1), (2), (3) व (4) के अनुसार पंजीकृत अभ्यर्थियों को आबंटन प्रक्रिया हेतु उपस्थित होते समय पंजीयन पत्र की प्रिन्ट प्रति व जिन्हें चालान आवश्यक है उन्हें चालान के एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर की मूल प्रति (परन्तु नये अभ्यर्थी **MKCL** सेन्टर में ही चालान की एस.सी.ई.आर.टी. की प्रति जमा करेंगे) के साथ आबंटन प्रक्रिया में निर्धारित स्थल व समय में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

6. महाविद्यालयों/संस्थाओं में प्रवेशित अभ्यर्थी इस प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।

7. आबंटन स्थल में पंजीयन का कार्य नहीं किया जायेगा। इसलिए पूर्व में ही पंजीयन कराना आवश्यक होगा।

8. जब अभ्यर्थी को उनके मेरिट क्रम में बुलाया जायेगा तो पूर्व में बिन्दु क्रमांक 1 से 4 तक पंजीयित अभ्यर्थियों को अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

9. आनलाइन आबंटन में अभ्यर्थी का नाम/रैंक सीट आबंटन हेतु पुकारे जाने पर तत्काल उपस्थित होना होगा अन्यथा उक्त सीट मेरिट में अगले क्रम के उपस्थित अभ्यर्थी को आबंटित कर दिया जायेगा। पुनः इस सीट पर अनुपस्थित अभ्यर्थी दावा नहीं कर सकेगा।

10. सीट रिक्त रहने तक ही आबंटन की कार्यवाही की जायेगी। जिस रैंक पर समस्त रिक्त सीट्स आंबटित हो जायेगी, वहीं प्रक्रिया बंद कर दी जायेगी।

11. आबंटन प्रक्रिया की जानकारी MKCL के वेबसाइट एवं एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर के वेबसाइट में एवं महाविद्यालयवार रिक्त सीटों की जानकारी MKCL के वेबसाइट में अवश्य देखें।

12. आबंटित महाविद्यालय में निर्धारित तिथि के अन्दर प्रवेश लेना होगा। ऐसा नहीं करने पर सीट् आबंटन स्वयंमेव निरस्त हो जायेगा। प्रवेश हेतु निर्धारित तिथि की जानकारी आबंटन पत्र में उल्लेखित की जावेगी।

(स) आबंटन कार्यक्रम निम्नानुसार होगा –

डी.एड. पाठ्यक्रम हेतु –

| क्र. | दिनांक | जिस ओवर आल रैंक तक के अभ्यर्थी उपस्थित रहेंगे | कोटा | समय | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 22.09.2015 मंगलवार | 01 से 5000 तक | **CG** व **AIQ के अभ्यर्थियों के लिए** | 9.30 से 11.30 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| | | 01 से 7000 तक | **CG** व **AIQ के अभ्यर्थियों के लिए** | 11.30 से 1.00 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| | | 01 से 10000 तक | **CG** व **AIQ के अभ्यर्थियों के लिए** | 2.00 से 3.30 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| | | 01 से 18000 तक | **CG** व **AIQ के अभ्यर्थियों के लिए** | 3.30 से 5.30 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| 2 | 23.09.2015 बुधवार | 01 से 20000 तक | **CG** व **AIQ के अभ्यर्थियों के लिए** | 9.30 से 11.30 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| | | 01 से 25000 तक | **CG** व **AIQ के अभ्यर्थियों के लिए** | 11.30 से 1.00 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| | | 01 से 32000 तक | **CG** व **AIQ के अभ्यर्थियों के लिए** | 2.00 से 3.30 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| | | 01 से 41500 तक | **CG** व **AIQ के अभ्यर्थियों के लिए** | 3.30 से 5.30 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |

बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु –

| क्र. | दिनांक | जिस ओवर आल रैंक तक के अभ्यर्थी उपस्थित रहेंगे | कोटा | समय | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 24.09.2015 गुरूवार | 01 से 7000 तक | **AIQ व CG के अभ्यर्थियों के लिए** | 9.30 से 11.30 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| | | 01 से 9000 तक | **AIQ व CG के अभ्यर्थियों के लिए** | 11.30 से 1.00 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| | | 01 से 10000 तक | **AIQ व CG के अभ्यर्थियों के लिए** | 2.00 से 3.30 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| | | 01 से 11000 तक | **AIQ व CG के अभ्यर्थियों के लिए** | 3.30 से 5.30 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| 2 | 25.09.2015 शुक्रवार | 01 से 12000 तक | **AIQ व CG के अभ्यर्थियों के लिए** | 9.30 से 11.30 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| | | 01 से 13500 तक | **AIQ व CG के अभ्यर्थियों के लिए** | 11.30 से 1.00 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 01 से 14500 तक | **AIQ व CG के अभ्यर्थियों के लिए** | 2.00 से 3.30 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| | | 01 से 15000 तक | **AIQ व CG के अभ्यर्थियों के लिए** | 3.30 से 5.30 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| 3 | 26.09.2015 शनिवार | 01 से 16000 तक | **AIQ व CG के अभ्यर्थियों के लिए** | 9.30 से 11.30 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| | | 01 से 17000 तक | **AIQ व CG के अभ्यर्थियों के लिए** | 11.30 से 1.00 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| | | 01 से 18000 तक | **AIQ व CG के अभ्यर्थियों के लिए** | 2.00 से 3.30 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| | | 01 से 19000 तक | **AIQ व CG के अभ्यर्थियों के लिए** | 3.30 से 5.30 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| 4 | 27.09.2015 रविवार | 01 से 19500 तक | **AIQ व CG के अभ्यर्थियों के लिए** | 9.30 से 11.30 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| | | 01 से 20000 तक | **AIQ व CG के अभ्यर्थियों के लिए** | 11.30 से 1.00 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| | | 01 से 20500 तक | **AIQ व CG के अभ्यर्थियों के लिए** | 2.00 से 3.30 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| | | 01 से 22000 तक | **AIQ व CG के अभ्यर्थियों के लिए** | 3.30 से 5.30 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| 5 | 28.09.2015 सोमवार | 01 से 22500 तक | **AIQ व CG के अभ्यर्थियों के लिए** | 9.30 से 11.30 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| | | 01 से 23500 तक | **AIQ व CG के अभ्यर्थियों के लिए** | 11.30 से 1.00 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| | | 01 से 24500 तक | **AIQ व CG के अभ्यर्थियों के लिए** | 2.00 से 3.30 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |
| | | 01 से 25300 तक | **AIQ व CG के अभ्यर्थियों के लिए** | 3.30 से 5.30 बजे तक | सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु |

शेष नियम व निर्देश पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन अनुसार यथावत् रहेंगे।

**(संजय कुमार ओझा)**
**संचालक**
**एस.सी.ई.आर.टी.छ.ग.रायपुर**